Year 2022-2023 **Academic Activities**

Experiential Learning

Sl No.	Name of Activity	Name of Department	Date of tour	Place	Number of students
1	Experiential Learning – Study tour	Economics	25.2.2022	Champaran Ashram, Rajiv Lochan Mandir, Near Raipur.	28
2	Experiential Learning – Study tour	Commerce	25.4.2023	Ma Danteshwari Sugar Mill, Karkabhat, Balod.	

Educational Tour: Department of Economics: 25.2.23

Photos of the tour

का शैक्षणिक भ्रमण

क्कर कारखाना के सहकारिता के बारे में जाना, बांध के सौंदर्य का किया अवलोकन

दल्लीराजहरा@पत्रिका. शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्लीराजहरा के वाणिज्य विभाग ने प्राचार्य अरुण कुमार के मार्गदर्शन एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में वाणिज्य संकाय के स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण कराया गया। मां दंतेश्वरी सहकारी शक्कर कारखाना कारकाभाट एवं ओना-कोना गंगरेल बांध आदि स्थलों का भ्रमण कराया गया।

विद्यार्थयों को सहकारिता के विषय पर जानकारी प्रदान करने सहकारी शक्कर कारखाने का भ्रमण कराया गया। यह जिले का एकमात्र सहकारिता पर आधारित शक्कर कारखाना है। कृषि विपणन के संदर्भ में विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन हुआ। साथ ही कृषि एवं कृषकों के विकास

में सहकारी कारखाने की भूमिका एवं रोजगार के नए अवसरों के संदर्भ में विद्यार्थियों को जानकारियां प्राप्त हुई। भ्रमण के अगले चरण में विद्यार्थियों को ओना-कोना, गंगरेल बांध आदि पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया।

विद्यार्थियों ने ली इतिहास व संस्कृति की जानकारी

विद्यार्थियों ने भ्रमणीय स्थलों का इतिहास, उनकी संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य को प्रत्यक्ष अवलोकन के माध्यम से जाना। भ्रमण से पर्यटन उद्योग के विकास राज्य के आर्थिक विकास में पर्यटन उद्योग की भूमिका एवं भविष्य की संभावनाओं के संदर्भ में जानकारियां प्राप्त हुई।

शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में नेतृत्व की भावना एवं सामूहिक भागीदारी से कार्य को करने की प्रेरणा विकसित करने में भी सहायक रहा है। एमकॉम के पाठ्यक्रम में कृषि विपणन, सहकारिता एवं कृषकों के आर्थिक विकास से संबंधित विषय वस्तु शामिल है। भ्रमण इन विद्यार्थियों के लिए व्यवहारिक रूप से उपयोगी एवं प्रासंगिक रहा।

26 विद्यार्थियों की रही सहभागिता

भ्रमण में चतुर्थ सेमेस्टर से 20 विद्यार्थी एवं द्वितीय सेमेस्टर से 6 विद्यार्थियों सहित कुल 26 विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

शैक्षणिक भ्रमण प्रभारी के रूप में वाणिज्य संकाय के सहा. प्राध्यापक डॉ. देवदत्त शर्मा एवं पूजा खंडेलवाल का सहयोग रहा। विद्यार्थियों में भीमराज भारद्वाज, देवोलीना भट्टाचार्य, मनप्रीत सांघ, कोमिता पारकर, ममता सिंह, अंजलि चौहान की भूमिका रही।